एक नजर में

नगर परिषद गरोठ ने बंद कैमरों को किया चालू, नगर सुरक्षा को मिलेगी नई ताक़त

गरोठ। नगर के प्रमुख चौराहों पर वर्षों से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को पुन: सक्रिय करने की दिशा में नगर परिषद का निर्णय सफल रहा है। लंबे समय से कैमरे बंद होने के कारण अपराधियों और शरारती तत्वों को बढ़ावा मिल रहा था। अब नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया की पहल पर इन कैमरों का नवीनीकरण कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य गुरुवार 8 अगस्त से शुरू हुआ है, जिसे इंदौर की बालाजी सेल्स कंपनी द्वारा किया जा रहा है। यह कार्य ?7 लाख की लागत से स्वीकृत टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें नई फाइबर केबल बिछाई जा रही है और कैमरों को नई तकनीक से उन्नत किया जा रहा है। अध्यक्ष राजेश सेठिया ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद की प्राथमिकता रही है कि कैमरों का संचालन पुलिस विभाग द्वारा किया जाए, जबकि लागत नगर परिषद वहन करे। इसके लिए कई बार पत्राचार भी किया गया, लेकिन अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। पुलिस विभाग द्वारा केवल किराए के कैमरे लगाए जाते रहे, जिनका भारी खर्च परिषद को वहन करना पड़ा। अंतत: नगरहित में परिषद ने स्वयं टेंडर प्रक्रिया से कैमरों के नवीनीकरण का निर्णय लिया। अब गरोठ नगर के सभी 60 कैमरे सक्रिय हो जाएंगे, जिससे नगर की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सकेगी। नगर परिषद अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि सक्रिय कैमरों से पुलिस प्रशासन को अपराधियों पर निगरानी रखने और चोरी जैसे मामलों पर अंकुश लगाने में आसानी होगी। नगर वासियों को इससे सुरक्षा की नई सुविधा प्राप्त होगी।

विद्युत केबल नहीं बदली गई तो होगा उग्र आंदोलन : भगवा सेना

सीतामऊ। क्षेत्र के कई गांवों में महीनों से जली हुई विद्युत केबल नहीं बदले जाने के विरोध में बुधवार को भगवा सेना ने अनुविभागीय अधिकारी शिवानी गर्ग को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाध्यक्ष नाहरसिंह सिसोदिया के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि ढंढेड़ा, सांसरी पिपलिया, सादुलगढ़, पोटलिया सहित अन्य गांवों में लंबे समय से विद्युत आपूर्ति बाधित है। जली हुई केबलों को बदलने की कई बार मांग की गई, लेकिन विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों ने शिकायत की है कि जली केबलों के कारण घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं, और रात के समय अंधेरे में रहना पड़ रहा है। फॉल्ट वाली इन केबलों से कभी भी बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई है। वहीं, शासकीय माध्यमिक विद्यालय में भी विद्युत आपूर्ति बंद है, जिससे स्वतंत्रता दिवस जैसे आयोजनों पर संकट खड़ा हो सकता है। नाहरसिंह सिसोदिया ने चेतावनी दी कि यदि 7 दिवस के भीतर सभी गांवों में जली हुई केबल नहीं बदली गईं, तो उग्र आंदोलन, धरना प्रदर्शन और अन्य कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह वही विभाग है, जहां रबी सत्र में एक डीपी लगाने के लिए विधायक हरदीपसिंह डंग को घंटों तक कार्यालय में बैठना पड़ा था, और कार्यकर्ताओं को चक्काजाम तक करना पड़ा था। उन्होंने बताया कि पीसी कसौटिया जैसे अधिकारी को भी कई बार समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला है। जली हुई केबलों से किसी दुर्घटना या जनहानि की आशंका लगातार बनी हुई है।

छात्रों ने मॉक क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन में भाग लिया तथा फॉरेंसिक जांच की बारीकियों को समझा

मंदसौर/नाहरगढ। मंदसौर विश्वविद्यालय के फॉरेंसिक विज्ञान विभाग द्वारा फॉरेंसिक फेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें मंदसौर के विद्यालयों सेंट थामस स्कूल,श्री माधव एकेडमी मंदसौर, एबेनाइजर स्कूल, लोटसवेली स्कूल के करीबन 120 विद्यार्थीयो ने मौके पर क्राइम सीन व इन्वेस्टिगेशन को बारीकियों से देखा व समझा। इस अवसर पर शिक्षकों एवं आमंत्रित अतिथियों ने सहभागिता की। यह आयोजन फॉरेंसिक विज्ञान के माध्यम से वैज्ञानिक नवाचार, विश्लेषणात्मक कौशल एवं कलात्मक प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन बना। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:00 बजे छात्रों एवं विभिन्न स्कूलों के प्रतिनिधियों के स्वागत से हुई। इस अवसर पर विभाग की प्रमुख उपलब्धियों एवं गतिविधियों को दर्शाने वाली एक विशेष वीडियो प्रस्तुति दिखाई गई। जिसके बाद छात्र-निर्मित फॉरेंसिक मॉडल्स, स्केच एवं प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

उत्साह तब और बढ़ा जब छात्रों ने मॉक क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन में भाग लिया, जहाँ उन्होंने इनडोर और आउटडोर दोनों परिस्थितियों में व्यावहारिक रूप से फॉरेंसिक जांच की प्रस्तुति दी। इसी के समानांतर पोस्टर मेकिंग एवं फॉरेंसिक आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसमें छात्रों ने फॉरेंसिक विज्ञान की समझ को रचनात्मक रूप से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में एक रोमांचक ट्रेजर हंट आयोजित किया गया, जो छात्रों के लिए ज्ञान और मनोरंजन का समावेश रहा। अंत में पुरस्कार उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

सैनिक परिवार के लिए राखी स्कूल बच्चो ने बनाई व बार्डर पर भेजेगा नाहरगढ सैनिक परिवार

नाहरगढ। देश व प्रदेश भर से देश की सीमाओ पर सुरक्षा कर रहे हमारे सैनिक परिवार के लिए लिटिल आइंस्टीन स्कूल नाहरगढ़ के बच्चों द्वारा राखिया बनाई गई है। जिसमे संस्था के संचालक वासुदेव शर्मा व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा है।

एसपी व जिपं सीईओ की मौजूदगी में सभी त्यौहार सौहार्दपूर्ण मनाने चर्चा की

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

नीमच। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल एवं जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव की उपस्थिति में गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले में आगामी त्यौहारों के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं एवं प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।

बैठक में स्वतंत्रता दिवस, जनजातीय दिवस, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, मिलाद-उन-नबी, अनंत चतुर्दशी (गणेश विसर्जन), नवरात्री प्रारंभ, महाअष्टमी, विजयादशमी, दशहरा, महर्षि वाल्मिकी जयंती, दीपावली, गोवर्धन पूजा आदि सभी त्यौहार जिले में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने के संबंध में चर्चा कर, सुझाव प्राप्त किए गये। बैठक में एसडीएम संजीव साहू, परियोजना अधिकारी शहरी विकास चंद्र सिह धार्वे, नीमच न.पा.सीएमओ दुर्गा बामनिया सहित जिला अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ वैष्णव ने निर्देश दिए,कि उक्त त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, नगर के मुख्य मार्गो पर साफ-सफाई, गढढों की मरम्मत व मुरम डालकर भराई, अतिरिक्त स्ट्रीट लाईटें लगाने का कार्य नगरपालिका प्राथमिकता से करवाएं, और खराब स्ट्रीट लाईटें ठीक करवाएं। बैठक में नगर पालिका एवं विद्युत मण्डल अधिकारी को निर्देश दिए, कि वे क्षैत्र का संयुक्त रूप से भ्रमण कर, विद्युत आपूर्ति, विद्युत कनेक्शन व विद्युत सुरक्षा, संबंधी व्यवस्थाओं को भली-भांती देख लें। उन्होने नगर पालिका, विद्युत मण्डल नीमच को संयुक्त टीम बनाकर विद्युत केबल व टेलीफोन के नीचे लटक रहे, तारों को दुरस्त करवाने के निर्देश भी दिए है।

बैठक में एसपी श्री जायसवाल ने सभी शांति समिति सदस्यों से कहा, कि वे इन त्यौहारों पर आयोजन स्थलों पर उपस्थित अवश्य रहे और शांतिपूर्ण सुव्यवस्थित आयोजन में सहयोग करें। जुलूस, अखाडों में समय-सीमा का पालन करवाए। अनुमति शर्तो का भी पालन करें।

एस.पी.श्री जायसवाल ने कहा, कि सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक फोटो, वीडियों, संदेश या सामग्री शेयर अथवा फारवर्ड ना करें। बगैर पुष्टि के कोई संदेश प्रसारित ना करें। पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने कहा,कि सभी लोग अपने त्यौहार मिलजुल कर भाईचारे के साथ मनाएं। पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जायेगें। शरारती तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी। उन्होने कहा, कि सामाजिक समरसता के साथ त्यौहार मनाये। त्यौहारों पर शांति समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है, वे अमन चेन कायम रखने में सहयोग करें। उन्होने कहा, कि जुलूस, अखाडों, पाण्डालों के आयोजक अपने आयोजन के लिए अपने स्तर पर स्वयं सेवक भी रखे, और उनकी सूची पुलिस को भी दें तथा जुलूस, अखाडों को निकालते समय, समय सीमा का पालन अवश्य करें। उन्होने कहा, कि शहर में विभिन्न स्थानों पर सीसी टीव्ही कैमरे भी लगे है। आयोजक भी अपने आयोजन, कार्यक्रमों की वीडियाग्राफी अवश्य करवाए। आयोजक आयोजन की लिखित अनुमति अवश्य प्राप्त करें।

बैठक में समिति सदस्य सर्वश्री उमराव सिह गुर्जर, हेमन्त हरित, मेहरसिह जाट, किशोर जावरिया, जम्बू कुमार जैन, डॉ.पृथ्वीसिह वर्मा, दर्शनसिह गांधी, गजेन्द्र यादव, मुकेश पोरवाल, हारून रशीद, जनरेल सिह ने सुझाव दिए।

स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम

नीमच। नवजात बच्चें को स्तनपान कराते समय स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखे, बच्चें द्वारा मल या मूत्र त्याग करने पर तत्काल कपडों को धोकर डेटाल के पानी में भिगोकर धूप में सुखाना चाहिये। नवजात बच्चें को स्तनपान कराते समय माता के हाथ साफ होना चाहिये एवं नवजात बच्चों को साफ सुथरे एवं नये कपडे पहनाना चाहिये। स्तनपान कराने वाली माताओं को अपने पोषण का विशेष ध्यान रखना चाहिये। बच्चें को 24 घन्टे में कम से कम 8 से 10 बार स्तन पान कराना चाहिये। स्तनपान कराते समय यह सावधानी रखनी चाहिये कि एक बार में एक ही स्तन से बच्चें को स्तनपान करवाये। यह बात स्तनपान विशेषज्ञ श्रीमती नसीम बानो, ने विश्व स्तानपान सप्ताह के अन्तर्गत जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में नवजात बच्चों की माताओं के लिये आयोजित स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम में कही।

कार्यक्रम में अधीक्षक सुभाष गवई ने विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा, कि बच्चें को सुरक्षित स्तनपान परिवार के समस्त सदस्यों के सहयोग से हो सकता है। धात्री महिला को पर्याप्त समय दिया जाना चाहिये, कि वह अपने बच्चों को समय पर स्तनपान करवा सके। रश्मि बामनिया ने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी।

समय के महत्व को समझे बिना सफलता का शिखर नहीं मिलता : अक्षय दर्शना श्रीजी

साध्वी सौम्या दर्शना जी आदि ठाना 4 की महावीर जिनालय विकास नगर में चातुर्मास धर्म श्रृंखला प्रवाहित

नीमच। समय के महत्व को समझे बिना सफलता का शिखर नहीं मिलता है। जिसने समय के महत्व को जान लिया वही समय का विजेता बनता है। व्यक्ति को कार्य की व्यस्तता नहीं मारती है। व्यक्ति को समय की अव्यवस्था मारती है। बीता समय वापस लौटकर नहीं आता है इसलिए हमें समय का महत्व को समझना चाहिए और आलस्य का त्याग कर हर काम समय और अनुशासन के साथ पूरा करना चाहिए तभी हमें जीवन में सफलता मिल सकती है।यह बात साध्वी अक्षय दर्शना श्री जी महाराज साहब ने कहीं। वे श्री जैन श्वेतांबर महावीर जिनालय ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति विकास नगर के तत्वाधान में साध्वी सौम्या दर्शना श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा 4के चातुर्मास में आयोजित धर्म सभा में बोल रही थे। उन्होंने कहा कि हमारा समय फालतू व्यर्थ जा रहा है ।हमें समय को समझना होगा। हमें मंदिर पूजा प्रवचन समय प्रतिक्रमण के लिए समय नहीं है लेकिन महिलाओं को किटी पार्टियों में समय और पैसा बर्बाद करने का समय है ।भाई क्रिकेट कमेंट्री देखने में समय व्यर्थ कर रहे हैं समय को बर्बाद कर रहे हैं आज हर व्यक्ति भोजन कर रहा है पैदल चल रहा है मंदिर यहां तक की बाथरूम और टॉयलेट में भी व्यक्ति मोबाइल का उपयोग कर रहा है चिंतन का विषय है।साध्वी सोम्य दर्शना श्री जी महाराज साहब ने कहा कि हमें समय का सदुपयोग करना आना चाहिए समय का सदुपयोग सही समय पर अनुशासन के साथ कोई कार्य करेंगे तभी हो सकता है। बिना समय बरसात होती है तो वह दुष्काल होती है ।बिना बात के हंसना हमारी मूर्खता कहलाती है। बिना समय भोजन करना बीमारी को बुलवा देना होता है। बिना समय नींद निकालना भी शरीर को रोगी बनाने होता है ।यदि हम आग लगने पर कुआं खोदते हैं तो मूर्खता कहलाती है इसलिए हमें आग लगने से पहले ही हुआ खोदकर पानी की व्यवस्था करनी होगी तभी हम जीवन में सफल हो सकते हैं। यदि हमें इतिहास में नाम अमर करना है तो हमें कुछ अलग हटकर कर कार्य करना होगा तभी हम इतिहास बना सकते हैं। बुढ़ापा आने पर रोग आ जाते हैं इसलिए समय से पहले जवानी में ही तपस्या धाम भक्ति के संस्कार सीखना होंगे तभी हम बुढ़ापे में भी तपस्या भक्ति से जुड़कर अपनी आत्मा का कल्याण कर सकते हैं। इस अवसर पर गुरु वंदना राजेंद्र बंबोरिया द्वारा कराई गई। राजमल छाजेड़ ने वीर के कोहिनूर हीरे को अभिनंदन है वंदन है गीत प्रस्तुत किया।

चातुर्मास धर्म सभा में महावीर जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश जैन आंचलिया ,चातुर्मास समिति संयोजक राजमल छाजेड़, सचिव राजेंद्र बंबोरिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

लब्धि तप के शाही पारने 9 को

साध्वी सौम्या दर्शना श्री जी महाराज साहब एवं अक्षय दर्शना जी महाराज साहब की निश्रा में 9 अगस्त शनिवार को सुबह 9 बजे लब्धि तप की तपस्या के शाही पारणे का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे गौतम लब्धि कलश उत्थापन महापुजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

विदेशी कोड वाले नंबर से कॉल आते ही हो जाएं अलर्ट

नीमच। सोशल मीडिया एप में लोगों को लुभावने मैसेज भेजने वाले शातिर ठग उनकी प्रोफाइल से कुछ डिटेल निकाल कर उन्हें आफर करते हैं और फिर कुछ रुपये देने के बाद उन्हें ज्यादा इंवेस्ट पर ज्यादा लाभ कमाने का प्रलोभन देकर आसानी से अपना शिकार बनाते हैं।

वाट्सएप व अन्य सोशल मीडिया एप के मैसेज बाक्स में विदेशी कोड वाले नम्बर से लुभावने मैसेज भेज लोगों को रातोरात लखपति या करोड़पति बनाने सब्जबाग दिखाया जा रहा है। इन लुभावने मैसेज के झांसे में आकर बड़ी आसानी से लोग अपना अकाउंट खाली करवा रहे हैं। लुभावने मैसेज भेजने वाले शातिर ठगो के मकड़जाल में आसानी से फंस रहे लोगों को पुलिस अधिकारी लगातार समझाइश दे रहे हैं कि, ऐसी कोई स्कीम या योजना नहीं होती जो रातोरात किसी को लखपति या करोड़पति बना दे। पुलिस अधिकारी लुभावने मैसेज के फेर में फंस कर लेन-देन करने से बचें, जब तक यह कम्फर्म न हो जाए कि मैसेज ठगों का नहीं है।

दूसरे देश में बैठकर की जा रही

सोशल मीडिया एप यूजर्स को पाकिस्तान, मलेशिया, केन्या, वियतनाम व इथियोपिया से लोक लुभावने मैसेज जिसमें लोगो को रातो रात लखपति या करोडपति बनाने की भरमार है। मात्र कुछ रुपये का इंवेस्टमेंट करने पर रातोरात लखपति या करोड़पति बनने के झांसे में आकर लोग बड़ी आसानी से अपना अकाउंट खाली भी करा रहे हैं। अकाउंट खाली होने के बाद जब ठगी का अहसास होता है, तब तक काफी देर हो चुकी होती है। अधिकांश मामलों में पुलिस की जांच में यह पता चला कि सोशल मीडिया एप व कुछ कंट्री से आने वाले फोन जिनमें पार्ट टाइम नौकरी कर कुछ घंटो में हजारों और फिर लाखों-करोंड़ो रुपये कमाने का झांसा दिया था। इन झांसो में फंस कर लोगो को हजार से लेकर लाखो रुपये गंवा रहे हैं।

वीपीएन का इस्तेमाल सबसे ज्यादा-साइबर ठगी के मामले में सर्वाधिक इस्तेमाल वीपीएन वेबसाइट का साइबर ठग कर रहे है। वीपीएन का इस्तेमाल कर साइबर ठग अपना सर्वर व मोबाइल नम्बर जो चाहे बनाकर सोशल मीडिया एप से नम्बर निकाल कर मैसेज करना शुरू कर देते हैं।

+92, +84 या +62 नंबर से सावधान रहने की जरूरत

पुलिस अधिकारियों की माने तो विदेश से आने वाले नम्बर +92, +84 या +62 से वाट्सएप में अगर फोन या मैसेज के माध्यम से साइबर ठग बड़ी आसानी से ठगी को अंजाम दे रहे हैं।

नव प्रवेशित छात्रों का इंडक्शन कार्यक्रम

नीमच। बालकवि बैरागी टीचर्स रिसर्च एजुकेशन सेंटर नीमच के तत्वावधान में नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन और ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानोदय विश्वविद्यालय चांसलर डॉ. माधुरी चौरसिया एवं ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर डॉक्टर गरिमा चौरसिया तथा संस्था की प्राचार्य रिचा सक्सैना एवं डी एड की प्राचार्य श्रीमती दुर्गा चौहान आईटीआई के प्राचार्य हरि सिंह राठौर तथा ज्ञानोदय इंस्टिट्यूट ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज मानसा के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश तिवारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर किया गया।

यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक पृष्ठ भूमि के बारे परिचित कराना रहा हैं, ताकि वे अपने शैक्षणिक जीवन की एक सकारात्मक और संगठित शुरुआत कर सके। इस अवसर पर ज्ञानोदय विश्व विद्यालय की चांसलर डा.माधुरी चौरसिया द्वारा विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में जितना अनुशासन आवश्यक हैं, महाविद्यालय में कक्षा में उतनी ही नियमित उपस्थिति भी जरूरी है। इस अवसर पर उन्होंने नैतिक मूल्य और मानवीय मूल्यों के महत्व पर भी बल दिया इसके साथ हीउन्होंने मोबाइल का उपयोग केवल सकारात्मक कार्यों के लिए करें ।डॉ गरिमा चौरसिया ने संस्थान की शैक्षणिक नितियों, एजुकेशन प्रणाली और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। यह संस्थान न केवल शिक्षा प्रदान करता हैं।

बैठक एसपी अंकित जायसवाल द्वारा ली गई अपराध समीक्षा बैठक

आगामी त्योहारों को लेकर एसपी ने कानून व्यवस्था बनाएं रखने के निर्देश दिए

नीमच। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा दिनांक 07.08.2025 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर जिलें के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली जाकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये गये है की आगामी त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समस्त पुलिस अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिये गये तथा ऐसे व्यक्ति जो त्योहारों के दौरान अप्रिय गतिविधियों में लिप्त रहतें हो उन्हे चिन्हित कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बाउण्ड करवाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे प्रदेश स्तरीय ऑपरेशन मुस्कॉन के तहत अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया। संपति संबंधी अपराधों चोरी, नकबजनी, वाहन चोरी के प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा कर शत प्रतिशत पतारसी व दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों जिनके स्थाई, फरारी, गिरफ्तारी वारंट जारी है उनकी पतारसी कर गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। वर्षा ऋतु के दौरान अति-वृष्टि होने पर ऐसे पुल एवं पुलिया जिस पर पानी का भराव होने की संभावना है वहां पर पर्याप्त पुलिस बल लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

थाना प्रभारियों को सिम विक्रेताओं एवं कियोस्क संचालकों की बैठक लेकर नियमों का पालन सुनिश्चित कराने दिये निर्देश। धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों/अन्य शिकायतों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। गंभीर अपराधों को अनावश्यक लंबित न रखने तथा विवेचनाधीन अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जावे। सड़क दुर्घटनाऐं रोकने हेतु ऐसे स्थान जहां पर लगातार दुर्घटनाएँ घटित होती है उन्हे चिन्हित कर परिशोधन की कार्यवाही की जावे।

मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त आरोपियों के विरूद्ध सफेमा एवं पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रस्ताव तैयार करें। आदतन अपराधियों के रिकार्ड के आधार पर जिला बदर एवं रासुका के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें। थाना प्रभारी अपने थाना क्षेत्रों में गुण्ड़ो को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। नफीस एप्लीकेशन, आईसीजेएस, ई-साक्ष्य एप का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करें।

महिला संबंधी अपराधों में संवेदनशीलता बरती जाकर अपराधों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। लंबित अपराधों/लंबित मर्ग/लंबित चालान/माल का शीघ्रता से करें निराकरण। फरियादियों के थानें/चैकी आने पर उनसे सद्व्यवहार करें एवं शांतिपूर्वक उनकी समस्याओं को सुना जाकर निराकरण करें। गौवंश तस्करी एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस बल द्वारा आमजनता से सद्व्यवहार किया जावें।

एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में थाना प्रभारी पूर्णत: पारदर्शिता बरते एवं एनडीपीएस एक्ट से संबंधित प्रत्येक कार्यवाही की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अनिवार्य रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें। थाना क्षेत्रों में जुआं, सटट् एवं अवैध शराब विक्रय पर पूर्णत: अंकुश लगावें। थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारी स्वंय रात्रि में क्षेत्रों में लगने वाली गश्त को प्रभावी रूप से करवाना सुनिश्चित करें। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चैहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा श्रीमति शाबेरा अंसारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा सुश्री निकीता सिंह सहित जिलें के समस्त थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहें।